## महत्वपूर्ण एवं खास

### महिला के गले से सोने की चेन पार

**रायपुर (आरएनएस)।** दही हांडी मैदान श्रीनगर में अज्ञात आरोपी ने महिला के गले से दो नग सोने की चेन पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सड्डू विधानसभा निवासी प्रार्थिया बेला वर्मा 46 वर्ष शिवमहापुराण सुनने दही हांडी मैदान गई थी। जहां अज्ञात चोर ने मौका पाकर महिला के गले से 2 नग सोने की चेन पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो लड़कियां लापता

**रायपुर (आरएनएस)।** उरला व तेलीबांधा थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई। दोनों ही मामलों में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर निवासी 42 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। इसी तरह तेलीबांधा थाना में 40 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई। खोजबीन के बाद भी कुछ जानकारी नहीं मिलने पर उसने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** बिजली विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 लाख 90 हजार की ठगी का करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजीव नगर महोवा बाजार निवासी प्रार्थिया नागेश्वरी साहू 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी दिनेश मानिकपुरी ने प्रार्थिया को बिजली विभाग में डाटा एंट्री के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर विभिन्न किश्तों पर 6 लाख 90 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अधेड़ को दी धमकी

**रायपुर (आरएनएस)।** ब्लॉक कालोनी आरंग में तीन लोगों ने एक अधेड़ का रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पटेल चौक आरंग निवासी प्रार्थी लखन लाल सोनकर 49 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी गिरधारी पटेल व अन्य 2 लोगों ने प्रार्थी का रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए झूठे केश में फंसाने की धमकी दी। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तालाब में मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**दुर्ग (आरएनएस)।** पाटन ब्लाक के अमलेश्वर थाना ग्राम महुदा के तलाब में युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि युवक अपने जीजा के घर जाने के लिए निकला थाँ घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि ग्राम महुदा भिलाई 3 निवासी डोमन भारती 26 वर्ष अपने घर से जीजा के गांव पहुंचा था, तब से गायब था। जिसकी लाश ग्राम महुदा के जमराव सडक़ किनारे बने तालाब में मिली। प्रथम दृष्टया पुलिस सडक़ दुर्घटना से मौत होने का संदेह जता रही है, लेकिन पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# बिजली ऑफिस कर्मी से 13 लाख लूटने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर (आरएनएस)।** सोमवार को बिलासपुर के बिजली आफिस में चाकू की नोंक पर हुई बड़ी डकैती के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बिजली विज्ञाग के कर्मचारी विरेन्द्र सोनवानी पिता शिव कुमार सोनवानी उम्र 22 वर्ष निवासी परिजात कालोनी नेहरू नगर 14 नवंबर को शाम 7.15 बजे बिजली बिल की जमा रकम को एटीपी मशीन से निकाल कर गणना कर रहा था उसी समय कुछ अज्ञात नकाबपोश वहां पहुंचे और नकली पिस्तौल दिखाकर डरा धमका कर एवं चाकू की नोक पर बिजली बिल की जमा रकम 13 लाख 33 हजार रुपये लूट कर भाग गए। विरेन्द्र ने इसकी शिकायत सिटी कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी जिसपर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 458, 395, 397, 120बी के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने निर्देशित दिये थे । जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, अति पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल के मार्गदर्शन में निरीक्षक सिटी कोतवाली प्रदीप आर्य एसीसीयू प्रभारी हरविंदर सिंह के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस स्टाफ एवं एसीसीयू टीम द्वारा संयुक्त रूप से आरोपियों को चंद घंटो के अंदर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियो द्वारा लूट करने का षडयंत्र करीब 15 दिनों पूर्व से किया जा रहा था। पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें पिन्टू यादव पिता गया लाल यादव उस सचिन विससरी के पीछे करबला बिलासपुर ,सिंह पिता पेश बहादुर सिंह उम्र 28 वर्ष वन रोड लकड़ी टाल थायफमगकना सिटी कोतवाली बिलासपुर, मंगल सिंह गोठ पिता श्याम सिंह गौड उम्र 19 वर्षे साकिन मधुबन थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर ,राजा गोड पिता श्यामू गोड उम्र 22 वर्ष साकिन शिखा वाटिका मधुबन थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर एवं शुभम स पिता स्व. महेश बस उम्र 25 वर्ष सकिन मधुबन गौशाला के पास थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर शामिल है। मामले का मुख्य आरोपी पिन्टू यादव का बिजली आफिस बिजली बिल जमा करने आना जाना था जो एटीपी मशीन में अधिक मात्रा में रूपये होने की जानकारी रखता का आरोपी पिंटु यादव पूर्व में लाईन मेन का कार्य कर चुका है। आरोपियों द्वारा लूट की रकम को नारियल कोठी स्थित मधुबन शमशान घाट में बैठकर आपस में बराबर बराबर बांट लिया गया था एवं प्रार्थी के पर्स एवं दस्तावेजो को मधुबन के पीछे स्थित झाडियों एवं मोबाईल को नदी में फेंक दिए थे। पुलिस ने आरोपियों से लूट की रकम 11लाख 70 हजार जप्त किया है एवं शेष रकम एक आरोपी धर्मेंद्र यादव लेकर फरार है जिसकी पता तलाश की जा रही है।

## कलेक्टर ने गोड़म और छिन्द गांव के गौठानों का किया औचक निरीक्षण

❑ **महिला स्व-सहायता समूहों के कार्यों का किया अवलोकन, समूह द्वारा तैयार उत्पाद भी खरीदे**



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने आज सारंगढ़ के ग्राम गोड़म के गौठान का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने गौठान प्रबंधन समिति के सदस्यों से गोबर खरीदी तथा वर्मी कम्पोस्ट के बारे में जानकारी ली। उन्होंने खरीदी की मात्रा तथा वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन में एक सप्ताह के भीतर वृद्धि लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि वे जूट की सामग्रियां तैयार कर रही है। कलेक्टर डॉ.आलम ने मशीनों की संख्या बढ़ाकर उत्पादन बढ़ाने पर जोर देने को कहा। साथ ही गौठान में पोल्ट्री फार्म और फ्लाई एश ब्रिक्स निर्माण के कार्यों के लिए सेंटर को एक निश्चित दूरी में बनाने को कहा। इसके अलावा गौठान में अन्य कार्यों तथा बकरी पालन को सुचारू रूप से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं के द्वारा बनाये गये खाद्य उत्पादों की खरीददारी भी की।

कलेक्टर डॉ.आलम ने गोड़म ग्राम के सुरभि स्व-सहायता समूह के बिहान सेंटर का निरीक्षण किया। इस संस्था द्वारा वर्मी खाद एवं कम्पोस्ट खाद के लिए बोरी के प्रिंटिंग का कार्य किया जाता है, इसके अलावा डायरी, रजिस्टर एवं फाइल भी बनाया जाता है। कलेक्टर आलम ने उनके कार्य की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी। उन्होंने सीईओ को यह भी कहा कि विभाग की आवश्यक स्टेशनरी की खरीददारी ऐसे स्व-सहायता समूहों से ही करना सुनिश्चित करें। छिन्द ग्राम के गौठान के निरीक्षण के दौरान भी वर्मी खाद बनने की प्रक्रिया में केचुए की कमी पाई गई। इस पर कलेक्टर डॉ.आलम ने इस समस्या का त्वरित निराकरण कर केचुए का प्रबंध कर खाद नियमित रूप से बनाने के निर्देश दिए। साथ ही गोबर एकत्रण की मात्रा बढ़ाने को कहा। समूह की महिलाओं को गौठान को सुचारू रूप से चलाने के लिए और उससे लाभ प्राप्ति के लिए हल्दी, प्याज, मिर्ची उगाने के लिए निर्देशित किया। समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे दोना-पत्तल की कुल संख्या और उसके विक्रय के बारे में जानकारी ली एवं उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए, साथ ही उत्पादों की बिक्री स्थानीय ग्रामीण इलाके के अलावा शहरी इलाकों में करने का सुझाव दिया, ताकि उत्पादन का उचित लाभ मिल सके। साथ ही गौठान में नेपियर प्रबंध के लिए मक्के की खेती, बेकरी के लिए उचित वेंडर की ट्रेनिंग एवं कपड़े की सिलाई के लिए सेंटर बनाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा कर जल्द कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान सारंगढ़ जनपद सीईओ उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ के पवेलियन में बड़ी संख्या में पहुँच रहे देश विदेश से आए बिजनेस एक्जीविटर

❑ **उद्योग विभाग के विशेष सचिव ने किया स्टालों का अवलोकन**



**नईदिल्ली/रायपुर (आरएनएस)।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का आज दूसरा दिन है। मेले में बड़ी संख्या में देश विदेश से आए बिजनेस एक्जीविटर छत्तीसगढ़ के पवेलियन में पहुँच रहे हैं और अपनी उत्सुकता दिखा रहे हैं। यहाँ कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ की नायाब शिल्प और कारीगरी का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया जा रहा है। मेले में लाइव प्रदर्शन के माध्यम से कलाकारों द्वारा विश्व प्रसिद्ध शिल्पकारी बेलमेटल, ढोकरा और गोदना आर्ट को प्रस्तुत किया जा रहा है।

आज छत्तीसगढ़ के उद्योग विभाग के विशेष सचिव हिमशिखर गुप्ता प्रगति मैदान में छत्तीसगढ़ के पवेलियन पहुंचे, जहां उन्होने सभी स्टालों का भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ से आए सभी बुनकरों व शिल्पियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से, स्कूटी सवार दंपत्ति की मौके पर मौत

❑ **आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम**



**धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नगर पंचायत आमदी में हाई स्कूल के पास तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार दंपत्ति को ठोकर मार दी।

इस सडक़ हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।इधर घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए चक्का जाम कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सनौद निवासी दंपति अपनी स्कूटी से धमतरी आ रहे थे। उसी दौरान हाई स्कूल के पास सब्जी से भरी पिकअप चालक ने ठोकर मार दी जिससे दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुँचकर कुछ देर के लिए चक्का जाम कर दिया। अर्जुनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराया और शव को रक्तदान व 108 एंबुलेंस जिला अस्पताल पहुंचाया। पिकअप को जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने सारंगढ़ एवं बरमकेला में हुआ युवा महोत्सव का शुभारंभ



सारंगढ़-बिलाईगढ़। विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में आज सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में विकास खंड स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गनपत जांगड़े ने किया। इस दौरान ओएसडी जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, विकास खंड शिक्षा अधिकारी राम कश्यप, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुर्रे भी उपस्थित रहे। आज युवा उत्सव के अन्तर्गत लोक गीत, लोक नृत्य, हारमोनियम, बांसुरी वादन, सुआ नृत्य, तबला वादन भरतनाट्यम, पंथी नृत्य आदि की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। शेष कार्यक्रम 16 नवम्बर को होगी।

इसी तरह विकास खण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन बरमकेला में भी हुआ। ज्ञातव्य है कि युवा महोत्सव का आयोजन विकासखण्ड, जिला, संभाग और राज्य स्तर पर किया जा रहा है। विकासखण्ड युवा उत्सव का आयोजन 15 नवंबर 2022 तक, जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 16 नवंबर से 10 दिसंबर तक, संभाग स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 11 दिसंबर से 31 दिसंबर तक और राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 12 से 14 जनवरी 2023 तक किया जाएगा। युवा उत्सव का आयोजन दो आयु वर्ग 15 से 40 वर्ष तक एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में किया जाएगा। युवा उत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने किसान छन्नूराम ने घर किया दोपहर का भोजन

❑ **जब पता चला मुखिया आ रहे हैं तो किसान छन्नूराम ने भोजन पर किया आमंत्रित**

❑ **बुलावे पर भोजन के लिए पहुँचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**



**रायपुर (आरएनएस)।** राजनांदगाँव ज़िले के डोंगरगढ़ विधानसभा अंतर्गत ग्राम बेलगाँव में रहने वाले किसान छन्नूराम भारती को जब पता चला कि प्रदेश के मुखिया उनके गाँव आ रहे हैं तो भावविभोर भारती ने प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने घर पर भोजन के लिए आमंत्रित किया। किसान भारती की बात मुख्यमंत्री तक पहुँची तो उन्होंने सहर्ष इसे स्वीकार किया और दोपहर के भोजन के लिए किसान के घर पहुँचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर भारती की आँखें ख़ुशी से भर आयीं। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी धनकुंवर बाई, बेटा देवेन्द्र, बेटी उमेश्वरी भारती ने मुख्यमंत्री का अपने घर पर स्वागत आरती उतारकर और तिलक लगाकर किया। फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री बघेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, डोंगरगढ़ विधानसभा भुवनेश्वर बघेल समेत अन्य अतिथियों ने ज़मीन पर बैठकर भोजन किया।

अतिथियों को भारती परिवार ने आत्मीय भाव से चावल, अरहर दाल, रोटी के साथ चना भाजी, खट्टा भाजी (अमारी भाजी), सलगा बड़ा, अमारी फूल के चटनी, जिमीकंद भुला (चटनी), बिजौरी, दही बोरा मिर्च, करौंदा की चटनी, पापड़ और सलाद परोसा। मुख्यमंत्री समेत सभी अतिथियों ने स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया। वहीं भोजन के बाद मुख्यमंत्री बघेल ने किसान छन्नूराम और उनके परिजनों को स्वादिष्ट भोजन कराने पर उपहार भेंट किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## भेंट-मुलाकात में डोंगरगढ़ विधानसभा के घुमका गांव पहुंचे मुख्यमंत्री - लगाई सौगातों की झड़ी

❑ **हड़वा, खारा और मुरमुंदा हाई स्कूल का होगा हायर सेकेण्ड्री स्कूल में उन्नयन**

**रायपुर (आरएनएस)।** भेंट-मुलाकात में राजनांदागांव जिले की डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम घुमका पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्रवासियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने घुमका को नगर पंचायत बनाने, घुमका में स्वामी आत्मा अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की घोषणा की। पूर्व में घुमका को तहसील बनाने की घोषणा के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 3 महीने के भीतर घुमका का तहसील कार्यालय पूर्ण तहसील के रूप में कार्य करने लगेगा। उन्होंने बघेरा में सहकारी बैंक की शाखा खोलने, रुसे बांध की नहरों में नहर लाइनिंग, घुमका से गोपालपुर सडक़ चौड़ीकरण, तेंदुनाला जलाशय में नहर लाइनिंग और उसके विस्तार, जेवर कट्टा जलाशय में नहर लाइनिंग, हड़ुवा, खारा और मुरमुंदा हाई स्कूल के हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन की घोषणा की। इस अवसर पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत और विधायक भुवनेश्वर शोभाराम बघेल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर भेंट-मुलाकात की शुरुआत की। यहां मुख्यमंत्री बघेल ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत हितग्रहियो को पोषण किट, सिलाई मशीन, गैस सिलेंडर, बीज किट सहित विभिन्न सामग्रियों का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने ग्राम घुमका में रानी अवंति बाई की प्रतिमा का अनारवरण किया। उन्होंने ग्राम देवरीडीह में मां शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं, यह जानने आया हूँ। हम लोग योजनायें बनाते हैं इनका जमीनी क्रियान्वयन कैसा है यह देखने आप लोगों के बीच आया हूँ। उन्होंने कहा कि पंथी नृत्य से आप लोगों ने स्वागत किया। फिर करी लड्डू से तौला। आपके स्नेह से अभिभूत हूँ। किसानों की ऋणमाफी से अपनी बात शुरू करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी न्याय योजना से किसानों को हमने लाभान्वित किया। गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत हमारे यहां है। कोदो कुटकी हम लोग खरीद रहे हैं। इस साल फसल काफी अच्छी है, घुमका में मैंने देखा कि मुरूम वाली भूमि है फिर भी भरपूर फसल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डोंगरगांव में पारधी जाति के लोगों ने जाति प्रमाणपत्र की बात आई। मध्यप्रदेश में कुछ चुनिंदा जिले में यह जाति अधिसूचित थी। अब मैंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पारधी जाति के लोगों को जाति प्रमाणपत्र के लिए विशेष रूप से कार्य करें और जो तकनीकी दिक्कत है उसे दूर करें। बघेल ने कहा कि भेंट मुलाकात से कितना लाभ होता है, एक पारधी जाति की बेटी ने अपनी बात रखी और प्रदेश भर के पारधी जाति के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।